# पेयजल टंकी की सफाई



गांधीनगर में पानी की टंकी की सफाई करते हुए निजी कंपनी के कर्मचारी। ●नईदुनिया

रतलाम। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर गांधीनगर क्षेत्र में जलवितरण की टंकी की सफाई शुक्रवार को की गई। क्षेत्रवासियों को साफ व शुद्ध पानी मिले, इसके लिए वार्ड क्रमांक एक की पूर्व पार्षद भावना हितेश पैमाल द्वारा टंकी की सफाई की मांग की थी। इसके बाद करीब दो माह पहले आयुक्त ने निरीक्षण कर सफाई और पुताई के निर्देश दिए थे। टंकी की सफाई का टेंडर इंदौर की अरिहंत वाटर केयर सर्विसेस द्वारा लेने के बाद शुक्रवार को सफाई में टंकी से बड़ी मात्रा में नीचे जमी मिट्टी निकाली गई और हाईड्रोजन पेराक्साइड व अन्य दवाओं से टंकी को बैक्टीरिया मुक्त किया गया।

नईदुनिया 7/8/21

# 20 करोड़ की लागत से शहर की सड़कों का कायाकल्प होगा

## शहर में आज होगा अन्न उत्सव का आयोजन



**रतलाम। प्रदेश के नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदोरिया ने कहा कि दिपावली के पहले रतलाम शहर के नागरिकों को सड़को के गड्ढो से मुक्ती मिल जाएगी। 20 करोड़ की लागत से शहर की सड़को का कायाकल्प किया जाएगा। यही नहीं गुणवत्ता का पुरा ख्याल रखते हुए थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराया जाएगा। जिले में आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत नि:शुल्क राशन वितरण के लिए अन्न उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले में वनाधिकार के तहत हितग्राहियों को मिले पट्टो पर शासन की योजना के अतंर्गत विकास कार्य कराकर भूमि सुधार किया जाएगा।**

प्रदेश के नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस.भदोरिया आज रतलाम आगमन पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। श्री भदौरिया शुक्रवार दोपहर को उज्जैन होते हुए रतलाम पहुचें। पत्रकारों से चर्चा के बाद उन्होने अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। पत्रकारवार्ता में अन्न उत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार कोरोनाकाल में हर नागरिक की खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम प्रतिहितग्राही माह मई से नवम्बर 202 तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना के प्रति और जागरुक बनाने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितिरण का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के निर्देशानुसार जिले में 7 अगस्त को जिला स्तर पर बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर और ग्राम स्तर का ग्राम रोजाना तहसील जावरा में मुख्य कार्यक्रम होगा। आयोजन में राशन बैग में खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। जिले के 2, 28, 338 परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिले में संचालित 521 उचित मूल्यों की दुकानों पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रभारी मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में 7 अगस्त को 40. हजार राशन बैग का वितरण किया जाएगा। शेष हितग्राहियों को राशन बैग प्राप्त होते ही पूरे माह अगस्त में वितरण किया जाएगा।

**दिपावली के पूर्व सड़को की मरम्मत -** पत्रकारवार्ता में शहर में सड़को की खस्ताहाल पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि उनकी इस सबंध में अधिकारियों से चर्चा हुई है। शहर में चल रहे सिवरेज और अन्य कार्यो की वजह से नई सड़के नहीं बना पाई थी। अब दिपावली के पूर्व सड़को की मरम्मत और जहां नई सड़को की जरुरत है वहां नई सड़के बनाई जाएगी। 20 करोड़ की लागत से शहर में सड़को के निर्माण का कार्य होगा। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने प्रभारी मंत्री को जानकारी दी कि सोमवार तक इसके टेंडर हो जाएंगे और बारिश में सड़क निर्माण का कार्य नहीं हो सकता है इसलिए.हमारा प्रयास है कि अक्टूबर में कार्य शुरु कर दिवापली पूर्व नई सड़को का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाए।

**गुणवत्ता के लिए होगा थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन-**प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने बताया कि सड़को की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस बार थर्ड पार्टी इन्स्पेकशन भी कराया जाएगा।

**वनाधिकार के तहत मिले पट्टों पर भूमि सुधार होगा-**जिला प्रभारी मंत्री ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नवाचार करते हुए वनाधिकार के तहत हितग्राहियों को मिले पट्टों पर शासन की योजना के तहत भूमि सुधार कराया जाएगा। उन्होने बताया कि जिले में वनाधिकार के तहत ऐसे 1553 हितग्राही है। पट्टेधारियों के विकास के लिए जिला प्रशासन मनरेगा के तहत मेड़ बंधान, कुआं निर्माण और भूमि सुधार कराया जाएगा। हितग्राही अपनी भूमि पर मनरेगा के तहत कार्य कर सकेगा और उसे मजदूरी भी मिलेगी। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रयास है कि हर हितग्राही की जमीन पर करीब 50- हजार का कार्य हो सकें।

**मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में जिले में 37 बालकों को पेंशन-**प्रभारीमंत्री श्री भदौरिया ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण 11 मार्च 2020 से महामारी के समाप्त होने तक ऐसे बच्चे जिन्होने अपने माता-पिता या अभिभावक को खो दिया है, उनके कल्याण, स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की देखभाल, शिक्षा के लिए पीएम केअर फार चिल्ड्रन योजना शुरु की है। जिसमें 23वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलेगी। इस हेतु हितग्राही अपना आवेदन समस्य दस्तावेजों के साथ न्यू कलेक्टोरेट स्थित बाल संरक्षण अभिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी को कर सकते है। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत भी जिले के 37 बालकों को चयनित किया जाकर 5 हजार प्रतिमाह के मान से पेंशन प्रदान की जा रही है। पत्रकारवार्ता के दौरान शहर विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी भी मौजुद थे। इन्दौर

इन्दौर समाचार 7/8/21

# रतलाम में 30 की डेंगू जांच, पॉजिटिव एक भी नहीं, सावधान... 10 बच्चे भी हो चुके शिकार

## अधिकारी बोले - बच्चों का रखें विशेष ख्याल, फुल आस्तीन के कपड़े पहनें

### घरों में मच्छर ना पनपने दें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

डेंगू के लगातार मिल रहे मामलों के बीच राहतभरी खबर है। शुक्रवार को 30 लोगों की जांच की गई है, इसमें एक भी पॉजिटिव नहीं है। हालांकि सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अब तक 10 बच्चे भी डेंगू के मच्छरों का शिकार हो चुके हैं।

हमारे जिले में डेंगू के केस सामने आना शुरू हो गए हैं। अब तक 93 केस मिल चुके हैं। रोज मामले सामने आ रहे थे लेकिन राहत यह है कि शुक्रवार को एक भी केस नहीं मिला। 30 लोगों की जांच की गई, इसमें दो पॉजिटिव मिले, यह दोनों रिपोर्ट पॉजिटिव है यानी पहले ही पॉजिटिव आ चुके थे जिनकी दोबारा जांच की गई। इधर इस साल 2018 के बाद सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। अब तक पिछले साल से दोगुने से ज्यादा मामले मिल चुके हैं। 2018 में 242 डेंगू के केस मिले थे। इसमें से 60 प्रतिशत मामलों में महिला एवं बच्चे डेंगू का शिकार हुए थे। इधर इस बार अब तक एलाइजा टेस्ट से मिले 85 केस में 35 महिलाएं व 10 बच्चे भी डेंगू का शिकार हुए हैं। वहीं 50 पुरुष शामिल हैं।

**डॉक्टर को दिखाएं-** मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया मच्छरों से बच्चों का विशेष तौर पर बचाव करें। वे सॉफ्ट टारगेट होते हैं। फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं, बड़े भी इस बात का ख्याल रखें। घरों में पानी जमा ना होने दें, मच्छरों से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम करें। भास्कर

### 706 मकानों में किया सर्वे, 16 घरों में मिला लार्वा

इधर, डेंगू को लेकर लगातार शहर में सर्वे भी हो रहा है। शुक्रवार को 28 टीम ने 706 घरों में सर्वे किया। इस दौरान 16 घरों में डेंगू का लार्वा मिला। हाकीमवाड़ा में एक व्यक्ति को बुखार मिला। डेंगू से बचाव की दवा की 360 डिब्बी भी लोगों को दी।

दै. भास्कर 7/8/21

## जिला स्तरीय आयोजन रतलाम शहर एवं ग्राम स्तरीय आयोजन ग्राम रोजाना में होगा

# आज से उत्सव के साथ मिलेगा अन्न राशन दुकानों पर थैले में 'खाद्यान्न'

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** जिले में शनिवार को अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निःशुल्क का राशन वितरण पात्र परिवारों को किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक सभागृह, बरबड़ में तथा ग्राम स्तरीय कार्यक्रम ग्राम रोजाना तहसील जावरा में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। जिले में 521 राशन दुकानों पर इसका आयोजन होगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप कोरोना काल में हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम प्रति हितग्राही माह मई से नवंबर 2021 तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना के प्रति और जागरूक बनाने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण का आयोजन किया गया है। जिले में 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। स्थानीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक होगा, इसके पश्चात राज्य स्तरीय कार्यक्रम 11 बजे से प्रारंभ होगा जिसका ऑनलाइन प्रसारण समस्त दुकानों पर टीवी के माध्यम से किया जाएगा। अंत मे स्थानीय स्तर पर थैलों में राशन वितरण किया जाएगा।

### सज गई राशन दुकानें

आयोजन के लिए जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को सुसज्जित किया गया है तथा दुकानों पर टीवी की व्यवस्था की गई है ताकि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की उचित मूल्य दुकानों पर उपस्थित हितग्राही एवं अन्य नागरिक देख सके। उचित मूल्य दुकान पर वितरण के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा परीक्षण के लिए जोनल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। उचित मूल्य दुकानों पर इस योजना से संबंधित गीत बजाया जाएगा। नियमित राशन के साथ-साथ 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

### ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व होगा कार्यक्रम

प्रदेश के साथ रतलाम में होने वाला अन्न उत्सव का कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व होना बताया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के संबंध में निर्देशित किया कि स्थल चयन का खास ध्यान रखा जाए। वर्षा के दृष्टिगत ऐसे ही स्थानों का चयन आयोजन के लिए किया जाए जहां पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आए।

### अधिकारियों से ली जानकारी

प्रभारी मंत्री ने बैठक में जिले के सभी एसडीएम से उनके अनुभाग क्षेत्रों में आयोजन तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर कनेक्टिविटी प्रॉब्लम हो तो अन्य समीप के ऐसे स्थान पर आयोजन किया जाए, जहां पर कनेक्टिविटी मिल रही हो। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण में कोई बाधा नहीं आए, इसका विशेष ध्यान रखते हुए तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि कोरोना के दृष्टिगत कार्यक्रमों के आयोजन में कोविड-19 प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा जाए, लोग मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग रखें। कलेक्टर द्वारा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान सतत भ्रमण कर मानिटरिंग के निर्देश दिए गए।

#### फैक्ट फाइल

**228338**
जिले में पात्र परिवार

**951824**
पात्र परिवारों के सदस्य

**40000**
राशन बैग का होगा वितरण

**5** - किलोग्राम प्रति हितग्राही

**7** - माह मई से नवंबर 2021 तक पात्रता के अतिरिक्त निःशुल्क राशन मिलेगा

**4** किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह निःशुल्क मिलेगा

पत्रिका

पत्रिका 7/8/21

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण आयोजन 7 अगस्त को

**जिले की 521 पीडीएस दुकानों पर होगा आयोजन जिला स्तरीय आयोजन रतलाम शहर एवं ग्राम स्तरीय आयोजन ग्राम रोजाना में होगा**

रतलाम । प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निःशुल्क का राशन वितरण आयोजन 7 अगस्त को होगा। रतलाम जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक सभागृह, बरबड़, रतलाम में तथा ग्राम स्तरीय कार्यक्रम ग्राम रोजाना तहसील जावरा में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप, रतलाम ग्रामीण विधायक श्री दिलीप कुमार मकवाना, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा एवं जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, समाजसेवी, निगरानी समिति सदस्य, आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्रीजी की मंशानुरूप कोरोना काल में हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम प्रति हितग्राही माह मई से नवंबर 2021 तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण योजना के प्रति और जागरूक बनाने हेतु प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण का आयोजन किया गया है। जिले में 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 7 अगस्त को जिले में संचालित समस्त 521 उचित मूल्य दुकानों पर उक्त कार्यक्रम होगा। स्थानीय कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक होगा, इसके पश्चात राज्य स्तरीय कार्यक्रम 11:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसका ऑनलाइन प्रसारण समस्त दुकानों पर टीवी के माध्यम से किया जाएगा। आयोजन के आखिर में स्थानीय स्तर पर थैलों में राशन वितरण किया जाएगा ।

उक्त आयोजन के लिए जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को सुसज्जित किया गया है तथा दुकानों पर टीवी की व्यवस्था की गई है ताकि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की उचित मूल्य दुकानों पर उपस्थित हितग्राही एवं अन्य नागरिक देख सके। उचित मूल्य दुकान पर वितरण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा परीक्षण हेतु जोनल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। उचित मूल्य दुकानों पर इस योजना से संबंधित गीत बजाया जाएगा। प्रथम चरण में 7 अगस्त को जिले में 40 हजार राशन बैग का वितरण किया जाएगा।

शेष हितग्राहियों को अगस्त माह में बैग वितरित किए जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जिले में नियमित राशन के साथ-साथ 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह निःशुल्क वितरित किया जाएगा ।

तेज 7/8/21

# निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व होगा

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ने तैयारियों की समीक्षा की

रतलाम । 7 अगस्त को प्रदेश के साथ ही जिले में भी आयोजित होने वाला प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व रहेगा। जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में कार्यक्रम आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। बैठक में विधायक श्री चैतन्य काश्यप, श्री दिलीप कुमार मकवाना, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, पूर्व विधायक श्री जितेंद्र गहलोत, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, श्री एम.एल. आर्य, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे।




प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया कि स्थल चयन का खास ध्यान रखा जाए। वर्षा के दृष्टिगत ऐसे ही स्थानों का चयन आयोजन हेतु किया जाए जहां पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आए। दुकान में जगह नहीं हो तो समीप के शासकीय भवन में आयोजन हो अथवा जनप्रतिनिधियों के विश्वास में अन्य स्थान पर किया जाए। नोडल अधिकारी समय से अपनी जिम्मेदारी को निभाए। सबकी सहभागिता से ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर आयोजन होगा।

प्रभारी मंत्री द्वारा बैठक में जिले के सभी एसडीएम से उनके अनुभाग क्षेत्रों में आयोजन तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर कनेक्टिविटी प्रॉब्लम हो तो अन्य समीप के ऐसे स्थान पर आयोजन किया जाए जहां पर कनेक्टिविटी मिल रही हो। विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण में कोई बाधा नहीं आए, इसका विशेष ध्यान रखते हुए तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने यह भी निर्देश दिए कि कोरोना के दृष्टिगत कार्यक्रमों के आयोजन में कोविड-19 प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा जाए, लोग मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग रखें। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान सतत भ्रमण कर मानिटरिंग के निर्देश दिए गए। तेज

तेज 7/8/21

# निगम ने किये चार कालोनाईजरों को सूचना पत्र जारी

सिंघम 6

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

भूमि पर विकास अनुमति समाप्त होने, समयावधि में विकास कार्य पूर्ण नहीं होने, आश्रय निधि की राशि जमा नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने चार कालोनाईजरों को सूचना पत्र जारी किया।

निगम आयुक्त झारिया ने मेसर्स रचना हाऊसिंग रतलाम द्वारा भागीदार, अनिल कुमार पिता कृष्ण कुमार झालानी निवासी 101, देवप्रस्थ अपार्टमेंट, पावर हाउस रोड, रतलाम एवं भागीदार प्रवीण सेलवाडिया पिता मोहनलाल सेलवाडिया निवासी मुम्बई (महाराष्ट्र), मेसर्स सम्यक लेडमार्क प्राईवेट लिमिटेड द्वारा भागीदार अनिल कुमार पिता कृष्ण कुमार झालानी निवासी 101, देवप्रस्थ अपार्टमेंट, पावर हाउस रोड, रतलाम एवं भागीदार प्रवीण सेलवाडिया पिता मोहनलाल जी सेलवाडिया निवासी मुम्बई (महाराष्ट्र), अभय पिता राजमल कोठारी (भूमि स्वामी) निवासी उर्वशी अपार्टमेंट, आबकारी रोड, रतलाम (म.प्र.) व रमेशचन्द्र जैन (भूमि स्वामी) निवासी जैन कॉलोनी, रतलाम (म.प्र.) को कस्बा रतलाम में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 172/2, 172/8, 173, 174, 175/1, 175/7, 176/2, 176/3, 176/4, 176/5, 180/2 पैकी, 180/3, 180/6, 180/10 पैकी, 249/2, 251/1, 251/2, 251/3 एवं 251/4 कुल किता 19 कुल रकबा 15.755 हेक्टेयर भूमि मे से 13.525 हेक्टेयर भूमि पर दी गई कॉलोनी विकास अनुमति पत्र क्रमांक 2761/4/कॉलोनी प्रकोष्ठ/2013 रतलाम, दिनांक 06/12/2013 के संबंध में सूचना पत्र जारी किया।

उक्त भूमि पर कॉलोनी विकास अनुमति प्रदान की गई थी कालोनाईजरो द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत कराये गये अभिन्यास समाप्त हो जाने तथा नगर निगम रतलाम द्वारा दी गई कॉलोनी विकास अनुमति हो जाने तथा नियत समयावधि में विकास कार्य पूर्ण नही किये जाकर विकास कार्यपूर्णता का प्रमाण-पत्र नगर पालिक निगम रतलाम से प्राप्त नही किये जाने तथा विकास कार्य पूर्ण नहीं किये गये एवं आश्रय शुल्क की संपूर्ण राशि जमा नहीं करवाई गई साथ ही वर्तमान में कॉलोनी का विकास कार्य भी बंद होकर अधूरा विकास कार्य हुआ है।

नगर निगम द्वारा कई बार दी गई सूचनाओं के उपरांत भी कालोनाईजरों द्वारा समाधान कारक कार्यवाही नहीं करने के कारण बंधक 84 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 22072.23 वर्गमीटर है, विक्रय कर कॉलोनी के शेष विकास कार्य पूर्ण कराये जाने एवं प्राप्त राशि से कार्य पूर्ण नही होने पर अतिरिक्त राशि की वसूली किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किये गये।

सिंघम 6/8/21

# रिमझिम-तेज बारिश ने फिर खड़ी की परेशानी

## मौसम : अब तक 21 इंच से ज्यादा पानी बरसा, गत वर्ष से सवा चार इंच अधिक

**रतलाम।** शहर सहित अंचल के कुछ स्थानों पर एक दिन मौसम साफ रहने के बाद फिर से रिमझिम-तेज बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो गया। इससे किसान सहित आमजन की परेशानियां बढ़ गईं। बाजार में चहल-पहल फीकी पड़ गई। हालांकि तेज बारिश से सड़कों पर फैला कीचड़ धूल गया। जिले में अब तक 21 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। यह गत वर्ष के मुकाबले सवा चार इंच से ज्यादा है। किसान सहित आमजन अब कुछ दिनों के लिए मौसम साफ रहने की प्रार्थना कर रहे हैं।

शुक्रवार को बादलों की उमड़-घुमड़ के बीच रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 4.7 मिमी औसत बारिश हुई। आलोट तहसील में 10 मिमी, जावरा में तीन मिमी, ताल में 23 मिमी, पिपलौदा तहसील में दो मिमी पानी बरसा। बाजना, रतलाम, रावटी और सैलाना तहसील सूखी रही। जिले में अब तक 542.3 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 423.5 मिमी पानी बरसा था। अब तक 118.8 मिमी पानी अधिक बरस चुका है।



रतलाम में शुक्रवार सुबह तेज बारिश से सड़कें तरबतर हो गईं। •नईदुनिया

### जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश मिमी |
|---|---|---|
| आलोट | 509.0 | 451.0 |
| जावरा | 729.0 | 469.0 |
| ताल | 741.0 | 467.2 |
| पिपलौदा | 455.0 | 269.0 |
| बाजना | 364.0 | 436.0 |
| रतलाम | 465.0 | 370.0 |
| रावटी | 458.2 | 456.4 |
| सैलाना | 618.0 | 469.0 |
| औसत | 542.3 | 423.5 |



नईदुनिया

नईदुनिया 7/8/21



# अतिक्रमण मुक्त करवाई गई अर्जुन नगर की जमीन को ठीक करवाने में जुटा निगम

**निगम आयुक्त ने सीवरेज कार्य का निरीक्षण करने के साथ ही अर्जुन नगर, राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर में लोगों को काम के लिए आश्वस्त किया**

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर में सीवरेज कार्य के तहत हाउस कनेक्शन का शीघ्र पुरा हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये व किये जाने वाले हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण किया।

श्री झारिया ने अर्जुन नगर में फ्रन्ट लाईन में किये गये हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण कर शेष रहे 2-3 हाउस कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश ठेकेदार के इंजीनियरों को दिये। बैकलेन में हाउन कनेक्शन में आ रही समस्या के निदान हेतु श्री झारिया ने राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर का निरीक्षण कर नागरिकों आश्वस्त किया कि आ रही समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा समस्या के निदान हेतु ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया। विनोबा नगर के 500 हाउस कनेक्शन उपरान्त मुक्तिधाम के समीप नाले में सीवरेज लाईन के छोड़े गये पाईप से आ रहे पानी के बहाव को श्री झारिया द्वारा अवलोकन करने पर पाया कि पानी का बहाव नाले में आ रहा है। अर्जून नगर में स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि का निरीक्षण करने पर पाया कि कतिपय लोगो द्वारा भूमि पर खेती की गई है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबधित को भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था।

राज एक्सप्रेस 7/8/21

# दो मरीजों में डेंगू रिपीट, जीका का अलर्ट

## होम्योपैथी दवा वितरण के साथ फीवर सर्वे जारी, संदिग्ध मरीजों का कराया जा रहा एलाइजा टेस्ट

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डेंगू की रोकथाम के लिए शहर में फीवर सर्वे हो रहा है और संदिग्ध मरीजों का एलाइजा टेस्ट कराया जा रहा है। शुक्रवार को तीस जांच रिपोर्ट आई, जिसमें डेंगू के दो रिपीट मरीज मिले हैं। थोड़ी राहत की बात यह है कि नया मरीज नहीं मिला। वहीं होम्योपैथी दवा का वितरण किया गया और मलेरिया विभाग द्वारा बनाई गई टीमें घर-घर जाकर लार्वा नष्ट कराकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।

शहर में नगर निगम ने फागिंग अभियान चालू कर दिया है, ताकि मच्छरों के फैलाव को रोका जा सके। इस बीच जीका नियंत्रण को लेकर भी एडवायजरी जारी की गई है। जिले में इस साल डेंगू के 105 मामले सामने आ चुके हैं और जीका का कोई मरीज नहीं मिला है, लेकिन प्रदेश में जीका वायरस की दस्तक के बाद अलर्ट जारी किया गया है।

**संदिग्ध मरीज मिलते ही जांच कराएं**

स्वास्थ्य संचालनालय में उप संचालक ने सीएमएचओ, सिविल सर्जन एवं मलेरिया अधिकारी को पत्र जारी कर जीका के खतरे से आगाह किया। इसमें कहा गया है कि जीका का संदिग्ध मरीज मिलने पर जांच कराने में देरी नहीं करें। साथ ही ऐसे मरीजों को आइसोलेशन में रहने की सलाह दें। केरल से आने वाले लोगों में इसके लक्षण दिखते हैं तो विशेष निगरानी करने को कहा गया है। साथ ही जिले के सभी निजी अस्पतालों को भी जीका को लेकर सतर्क करें और प्रोटोकाल का पालन पर जोर देते हुए नियंत्रण करें।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू की तरह ही मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जीका बुखार है। इसमें भी दो से सात दिन तक बुखार आना, आंखें लाल होना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, छाती या हाथों में खसरा जैसे चकते व दाने पड़ना प्रमुख है। यह बीमारी एडीज मच्छर के जरिये फैलती है। यही मच्छर डेंगू और चिकनगुनिया भी फैलाता है। बतौर सावधानी मच्छरदानी लगाएं। घर व आसपास मच्छरों को पनपने न दें। सात दिन से ज्यादा समय तक बर्तन में पानी जमा नहीं रहने दें।



घर-घर जाकर सर्वे करते हुए दल सदस्य। • नईदुनिया

नईदुनिया 7/8/21

समयावधि में विकास नहीं

# चार कालोनाइजरों को निगम ने दिए नोटिस

## विकास अनुमति समाप्त होने, विकास कार्य पूर्ण ना होने और आश्रय निधि की राशि जमा न कराने पर मांगा जवाब

● रतलाम

**भूमि पर विकास अनुमति समाप्त होने, समयावधि में विकास कार्य पूर्ण नहीं होने, आश्रय निधि की राशि जमा नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने चार कालोनाइजरों को सूचना पत्र जारी किया।**

निगम आयुक्त झारिया ने मेसर्स रचना हाउसिंग रतलाम द्वारा भागीदार, अनिल कुमार पिता कृष्ण कुमार झालानी निवासी 101, देवप्रस्थ अपार्टमेंट, पावर हाउस रोड, रतलाम एवं भागीदार प्रवीण सेलवाड़िया पिता मोहनलाल सेलवाड़िया निवासी मुम्बई (महाराष्ट्र), मेसर्स सम्यक लैंडमार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भागीदार अनिल कुमार पिता कृष्ण कुमार झालानी निवासी 101, देवप्रस्थ अपार्टमेंट, पावर हाउस रोड, रतलाम एवं भागीदार प्रवीण सेलवाड़िया पिता मोहनलाल सेलवाड़िया निवासी मुम्बई (महाराष्ट्र), अभय पिता राजमल कोठारी (भूमि स्वामी) निवासी उर्वशी अपार्टमेंट, आबकारी रोड, रतलाम (म.प्र.) व रमेशचन्द्र जैन (भूमि स्वामी) निवासी जैन कॉलोनी, रतलाम (म.प्र.) को कस्बा रतलाम में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 172/2, 172/8, 173, 174, 175/1, 175/7, 176/2, 176/3, 176/4, 176/5, 180/2 पैकी, 180/3, 180/6, 180/10 पैकी, 249/2, 251/1, 251/2, 251/3 एवं 251/4 कुल किता 19 कुल रकबा 15.755 हेक्टेयर भूमि में से 13.525 हेक्टेयर भूमि पर दी गई कॉलोनी विकास अनुमति पत्र क्रमांक 2761/4/ कॉलोनी प्रकोष्ठ/ 2013 रतलाम, दिनांक 06/12/2013 के संबंध में सूचना पत्र जारी किया। उक्त भूमि पर कॉलोनी विकास अनुमति प्रदान की गई थी कालोनाईजरो द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत कराये गये अभिन्यास समाप्त हो जाने तथा नगर निगम रतलाम द्वारा दी गई कॉलोनी विकास अनुमति हो जाने तथा नियत समयावधि में विकास कार्य पूर्ण नही किये जाकर विकास कार्यपूर्णता का प्रमाण-पत्र नगर पालिक निगम रतलाम से प्राप्त नही किये जाने तथा विकास कार्य पूर्ण नहीं किये गये एवं आश्रय शुल्क की संपूर्ण राशि जमा नहीं करवाई गई साथ ही वर्तमान में कॉलोनी का विकास कार्य भी बंद होकर अधूरा विकास कार्य हुआ है। नगर निगम द्वारा कई बार दी गई सूचनाओं के उपरांत भी कालोनाईजरों द्वारा समाधान कारक कार्यवाही नहीं करने के कारण बंधक 84 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 22072.23 वर्गमीटर है, विक्रय कर कॉलोनी के शेष विकास कार्य पूर्ण कराये जाने एवं प्राप्त राशि से कार्य पूर्ण नही होने पर अतिरिक्त राशि की वसूली किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किये गये।

अग्निबाण 6/8/21

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 05 अगस्त को 14 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर नेमीचन्द मीणा ग्लोबस सिटी पर 1000, संजू ग्वालियरी, श्री राम चाट हाउस गीता मंदिर रोड पर 250-250, रवि, अख्तर, सलीम, टीपू फलवाला, मोची सैलाना बस स्टैण्ड, संग्राम सिंह, खलीभाई, शंभू मोची, शिवजी नमकीन राम मंदिर, शिवानी, विष्णुलाल अलकापुरी पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

सिंहथम 6/8/21

## झाली तालाब में रोज मर रहीं मछलियां

रतलाम। कालिकामाता मंदिर परिसर स्थित झाली तालाब में रोज मछलियां मर रही हैं। शुक्रवार को बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। क्षेत्र के लोगों ने बताया रोज मछलियां मर रही है। नगर निगम द्वारा सफाई नहीं होने से बदबू फैल रही है। मंदिर में दर्शन करने आने वाले लोगों को रोज बदबू से परेशान होना पड़ रहा है।

द. भास्कर 7/8/21

## स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व दरोगा का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। सैलाना रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर मवेशी (सांड) बैठा पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया।

इन्दौर 7/8/21

## सेठजी का बाजार में पेड़ गिरा, स्कूटी सवार बचा

रतलाम | सेठजी का बाजार कसारी दरवाजा पर इमली का पेड़ टूट कर गिर गया। इससे सामने का एक मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं केवलों के साथ ही तार भी टूटे है। एक स्कूटी सवार बाल-बाल बच गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नगर निगम को इसकी कई बार शिकायत की। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भास्कर

## स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व दरोगा का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। सैलाना रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर मवेशी (सांड) बैठा पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया।

सिंहथम 6

## एक दिन का वेतन काटा

रतलाम । सैलाना रोड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर मवेशी (सांड) बैठा पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री विनय चौहान व संबंधित क्षेत्र के वार्ड दरोगा का एक दिवस का वेतन काटा गया।

# अन्न उत्सव को सफल बनाना है-विधायक काश्यप,मंडल पदाधिकारियों की बैठक में बनाई रणनीती

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने 7 अगस्त को आयोजित होने वाले अन्न उत्सव की तैयारियों के संबंध में भाजपा मंडल पदाधिकारियों की बैठक में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अन्न उत्सव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी की संवेदनाओं को दर्शाने वाला उत्सव है। इसे अधिक से अधिक सफल बनाए। अन्न उत्सव के लिए 6 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल देकर हितग्राहियों को आमंत्रण देंगे। राशन की दुकानों पर भी इस मौके पर विशेष साज सज्जा की जाएगी। भाजपा मंडल पदाधिकारियों की बैठक में विधायक श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा कोरोना काल में पीड़ित हुए परिवारों के लिए पूर्व में जुलाई माह तक निःशुल्क अन्न देने की व्यवस्था की गई थी। 7 अगस्त को हो रहे अन्न उत्सव के माध्यम से अब नवम्बर माह तक का राशन दिया जाएगा। हितग्राही परिवारों को प्रतिव्यक्ति 5 किलो राशन मिलेगा। उन्होंने बताया कि म.प्र. में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भी कोरोना काल के कारण पीड़ित हुए परिवारों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत पांच किलो राशन देने की घोषणा की है। इस प्रकार अन्न उत्सव के तहत हर व्यक्ति को 10 किलो राशन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अन्न उत्सव के माध्यम से भाजपा की सरकार द्वारा कठिन समय में मदद की पहल की गई है। श्री काश्यप ने बैठक में अन्न उत्सव के दौरान आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार सदैव अग्रणी रही है और अन्न उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। बैठक में सेवा संगठन प्रभारी जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, आदित्य डागा, करणधीर्य चड़गोत्या, मंडल महामंत्री राकेश परमार, नन्दकिशोर पंवार, हेमंत राहोरी, विनोद यादव, अनिता कटारा, धर्मेन्द्र देवड़ा, लोकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।




स्वतंत्र [illegible] 7/8/21

**कैबिनेट: अनुपूरक बजट प्रस्ताव को दी मंजूरी, तबादलों की डेट बढ़ाने का फैसला होल्ड**

# तबादला आदेशों पर मुख्यमंत्री ने लगाई रोक, 15 अगस्त के बाद होगा फैसला

## निर्धारित तबादला सूची बनती रहेंगी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में सरकारी अधिकारी-कर्मचारी के तबादला आदेश पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को विशेष कैबिनेट बैठक में कुछ मंत्रियों ने तबादला तिथि बढ़ाने का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, अभी कोई तबादला आदेश जारी न करें। 15 अगस्त के बाद इसे देखा जाएगा। दरअसल, ग्वालियर-चंबल में बाढ़ के कारण इस अंचल के सरकारी अधिकारी-कर्मचारी व्यस्त हैं, ऐसे में उनके तबादले से दिक्कत होगी। मुख्यमंत्री ने फिलहाल तबादला आदेश जारी नहीं करने को कहा है। हालांकि, इस दौरान तबादलों की पूर्व निर्धारित प्रक्रिया और सूची बनती रहेंगी। तबादलों की अंतिम तारीख 7 अगस्त है, इस कारण केवल एक ही दिन तबादले के लिए बचा था और तबादले नहीं हो पाए थे। ऐसे में मंत्रीगण तबादले की तारीख और बढ़वाना चाहते थे।



### अनुपूरक बजट प्रस्ताव को मंजूरी

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में बजट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अनुपूरकबजट प्रस्ताव में करीब 15 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें कोरोना रोकथाम के अलावा ग्वालियर-चंबल अंचल में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने से लेकर अन्य मदों में प्रावधान प्रस्तावित है। अब इस बजट प्रस्ताव को 9 अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में रखा जाएगा।

### बाढ़ के हालात पर दिया प्रेजेंटेशन


कैबिनेट में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा द्वारा ग्वालियर-चंबल के बाढ़ के हालात पर प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें अब तक की स्थिति और नदियों के जल स्तर से लेकर बचाव कार्य तक की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को किए जा रहे बचाव कार्य और सरकार के कदमों की जानकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता को देने के लिए कहा गया।

पत्रिका

**विधानसभा में आज से शुरू होगा वैक्सीनेशन सेंटर**

## बंद रहेंगी सदन की दर्शक दीर्घाएं, बाहरी लोगों को प्रवेश की मनाही

**भोपाल.** विधानसभा के मानसून सत्र में दर्शकदीर्घा बंद रहेंगी। आमजन को विधानसभा में प्रवेश नहीं मिलेगा। विधायकों से भी कहा गया है कि अपने साथ किसी भी बाहरी व्यक्ति को लेकर विधानसभा न आएं। विधायकों को सिर्फ एक निजी सहायक और वाहन चालक को ही प्रवेश पत्र जारी किया गया है। अंगरक्षक परिसर के बाहर ही रहेंगे। नौ अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोरोनाकाल में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय भी किए गए हैं।



### मास्क अनिवार्य, वैक्सीनेशन भी जरूरी


विधायकों को जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि सत्रकाल में कोरोना से बचाव के लिए शासन-प्रशासन द्वारा जारी मापदंडों का पालन किया जाना अनिवार्य है। वैक्सीनेशन के साथ मास्क लगाकर, थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही विधानसभा में प्रवेश करें। सामाजिक दूरी भी बनाए रखें। विधानसभा परिसर स्थित एलोपैथी चिकित्सालय में 7 अगस्त से वैक्सीनेशन केंद्र शुरू हो जाएगा। विधायक टीका लगवा सकते हैं।

पत्रिका 7/8/21

आज हितग्राहियों को घर-घर जाकर पीले चावल देते हुए आमंत्रित करेंगे भाजपाई

# अन्न उत्सव कल...भाजपा ने भी बनाई रणनीति

## विधायक ने मंडल पदाधिकारियों की बैठक में बताया कैसे मनाएं अन्न उत्सव




रतलाम। विधायक चैतन्य काश्यप ने 7 अगस्त को आयोजित होने वाले अन्न उत्सव की तैयारियों के संबंध में भाजपा मंडल पदाधिकारियों की बैठक में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अन्न उत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनाओं को दर्शाने वाला उत्सव है। इसे अधिक से अधिक सफल बनाए। अन्न उत्सव के लिए 6 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पीले चावल देकर हितग्राहियों को आमंत्रण देंगे। राशन की दुकानों पर भी इस मौके पर विशेष साज सज्जा की जाएगी।

भाजपा मंडल पदाधिकारियों की बैठक में विधायक श्री काश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा कोरोना काल में पीडित हुए परिवारों के लिए पूर्व में जुलाई माह तक निशुल्क अन्न देने की व्यवस्था की गई थी। 7 अगस्त को हो रहे अन्न उत्सव के माध्यम से अब नवम्बर माह तक का राशन दिया जाएगा। हितग्राही परिवारों को प्रतिव्यक्ति 5 किलो राशन मिलेगा। उन्होंने बताया कि म.प्र. में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने भी कोरोना काल के कारण पीडित हुए परिवारों की मदद के लिए हाथ बढाते हुए मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत पांच किलो राशन देने की घोषणा की है। इस प्रकार अन्न उत्सव के तहत हर व्यक्ति को 10 किलो राशन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अन्न उत्सव के माध्यम से भाजपा की सरकार द्वारा कठिन समय में मदद की पहल की गई है। श्री काश्यप ने बैठक में अन्न उत्सव के दौरान आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए भाजपा सरकार सदैव अग्रणी रही है और अन्न उत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। बैठक में सेवा संगठन प्रभारी जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, आदित्य डागा, करणधीर्य बड़गोत्या, मंडल महामंत्री राकेश परमार, नन्दकिशोर पंवार, हेमन्त राहोरी, विनोद यादव, अनिता कटारा, धर्मेन्द्र देवडा, लोकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

अग्निबाण 6/8/21

**देर रात तक बाजार में सफाई कर रहे कर्मचारी**

# प्रशासक के आदेश के बाद अब रात में भी हो रहा कचरा संग्रहण



रतलाम. कुछ समय पूर्व ही नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार प्रशासक ने निगम के कर्मचारियों के स्वच्छता के मामले में किए जाने वाले काम में नाराजगी प्रकट करते हुए बाजार क्षेत्र में रात में भी कचरा संग्रहण करवाने को कहा था। शहर में इसकी शुरुआत हो गई है।

शहर में जब सुबह बाजार करीब 10 बजे बाद खुलते है तब तक कचरा साफ करने वाले कर्मचारी सफाई करके घर चले जाते हैं। ऐसे में दुकानों से सफाई के बाद निकलने वाला कचरा दिनभर सड़क पर ही रहता है व शहर के स्वच्छता अभियान में बाधक बनता है। ऐसे में पिछले माह ही नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देर रात तक शहर में विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया था। इसको जारी रखे हुए है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एपीसिंह स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं।

अब निगम ने कलेक्टर व प्रशासक कुमार के आदेश पर अमल करना शुरू कर दिया है। इसके अंतर्गत शहर के स्टेशन रोड, दो बत्ती, टीआईटी रोड, न्यू रोड, माणकचौक, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, घांसबाजार, तोपखाना, गणेश देवरी, बाजना बस स्टैंड सहित अन्य कारोबारी क्षेत्र में रात में मैजिक से कचरा दुकानों से संग्रहण करने का अभियान शुरू किया है। इसमे बड़ी बात यह है कि दुकानों की जब शाम में सफाई होती है उसके कुछ ही देर बाद मैजिक वाहन जाकर कचरा ले रहे हैं। रातभर बाजार में कचरा भी नहीं रहता व शहर अगले दिन सुबह साफ रहता है।

शहर में स्वच्छता के लिए लगातार काम जारी है। इसको और बेहतर करने की जरुरत है। इसके लिए प्रयास जारी है। आमजन से भी अपील है कि वे कचरा सड़क पर नहीं डाले व शहर को साफ बनाने में मदद करें। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका 7/8/21

# रतलाम शहर की सड़कों की मरम्मत 20 करोड़ रुपए खर्च करके की जाएगी

## प्रदेश सरकार निःशुल्क राशन वितरण जैसे कार्यक्रमों से गरीब कल्याण हेतु कटिबद्ध, जिले के प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया ने ली पत्रकार वार्ता

**रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निःशुल्क राशन वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब कल्याण के लिए कटिबद्ध है। यह बात रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान विधायक शहर श्री चैतन्य काश्यप, विधायक ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, पूर्व विधायक श्री जीतेंद्र गहलोत, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एस.एच. चौधरी तथा पत्रकारगण उपस्थित थे।**



प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश प्रदेश में लाखों-करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में जो भी लक्ष्य तय किया जाता है उसे प्राप्त किया जाता है। 7 अगस्त का कार्यक्रम अभूतपूर्व है, प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, दीनदयाल समितियों के सदस्य आदि उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री स्वयं लाखों व्यक्तियों से कार्यक्रम में रूबरू होंगे। प्रत्येक दुकान पर कम से कम 100 व्यक्तियों को राशन वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा संबोधन होगा एवं संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए हितग्राहियों को पीले चावल देकर निमंत्रित किया जा रहा है। वर्षा के दृष्टिगत सुरक्षित स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कोरोना प्रोटोकॉल का भी पालन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि 7 अगस्त के कार्यक्रम में राशन वितरण के साथ ही उपभोक्ता का सम्मान भी हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन ने यह सुनिश्चित किया है कि गरीब हित का अनाज गरीब ही उपयोग करें अन्य व्यक्ति उपयोग नहीं करें अन्यथा गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि उनके द्वारा शहर में भ्रमण करके सड़के चिन्हित की गई है जिनको दुरुस्त किया जाएगा। रतलाम नगर निगम क्षेत्र में खराब सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना बनाई गई है। सीवरेज परियोजना और वर्षा के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, दीपावली के पूर्व सभी महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। सड़कों की मरम्मत 20 करोड़ रुपए खर्च करके की जाएगी। सड़क दुरुस्ती कार्य आगामी अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ हो जाएगा।

प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने पत्रकार वार्ता में वर्षा के दृष्टिगत राज्य शासन के द्वारा बाढ़ प्रबंधन की भी जानकारी दी, अन्य मुद्दों पर भी जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने बताया कि रतलाम जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत 1553 पट्टे आवंटित किए गए हैं। भूमियों पर शासन की मनरेगा योजना के तहत् कार्य किए जाएंगे जिससे आदिवासियों को घर बैठे मजदूरी मिलेगी और उनकी भूमि पर संरचना का निर्माण भी होगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक पट्टा भूमि पर कम से कम 50 हजार रूपए खर्च करके कार्य किए जाएंगे।

प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने बताया कि प्रधानमंत्रीजी द्वारा कोविड के कारण 11 मार्च 2020 से महामारी के समाप्त होने तक ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता, जीवित माता-पिता, कानूनी अभिभावक, दत्तक माता-पिता को खो दिया है, उनके कल्याण, स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की देखभाल, शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से तथा 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने हेतु पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन प्रारंभ की गई है । इसी योजना के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार ने पृथक से पोर्टल भी तैयार किया है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा प्रदेश में बाल सेवा योजना का संचालन भी किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 1 मार्च 2021 से 30 जून 2021 के दौरान अनाथ हुए बालकों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए की राशि पेंशन के रूप में प्रदान की जाती है तथा उन्हें निःशुल्क राशन एवं शिक्षा की व्यवस्था भी की जाएगी। वर्तमान में रतलाम जिले के 37 बालकों को इस योजना में चयनित किया जाकर 5000 रूपए प्रति माह के मान से पेंशन प्रदान की जा रही है।

[illegible] 7/8/21

# खराब सड़कों को लेकर रहवासियों ने किया रोड पर चक्काजाम

सिंघम 6

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**



शहर में जिले की लापरवाह कार्यप्रणाली से शहर की जनता अब परेशान हो चुकी है, जिले में हुई कई दिनों की बारिश ने जिला प्रशासन के अव्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है हर क्षेत्र में मार्गो का हाल बेहाल हो चुका है अधिकतर मार्ग कीचड़ के दलदल में समा चुके है राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो चुका है, आए दिन खराब रोड की वजह से हादसे हो रहे है, किंतु किसी भी जिम्मेदार को जनता की परवाह के लिए समय नही मिल रहा है। जनता की परेशानी के लिए कोई भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी सही से नही निभा रहे है। जनता हर जगह धरना प्रदर्शन आंदोलन कर रही है। कई बार जिम्मेदारों को जिम्मेदारी निभाने के लिए आग्रह कर चुके है अपितु अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आज एक ऐसा ही मामला शहर के ऊंकाला रोड क्षेत्र के बसंत कॉलोनी का है जहा के रहवासियों ने समस्या से परेशान होकर कॉलोनी की खराब सड़को के कारण क्षेत्रिय जनता ने ऊंकाला रोड मुख्य मार्ग पर जमकर विरोध प्रदर्शन कर चक्काजाम किया सड़क,नाली सहित अन्य मांगों को लेकर जनता ने कीचड़ से भरी बाल्टी लेकर मुख्य मार्ग पर कीचड़ फैलाकर आक्रोश देखा गया व निगम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनता के भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए नगर निगम के प्रभारी सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल कर्मचारियों के साथ पहुंचे लेकिन उनकी एक नही सुनी गई ।

रहवासियों ने बताया कि विगत 6 वर्षों से क्षेत्र निवासियों द्वारा लगातार अनुरोध किया जा रहा है, किंतु इस विषय में निगम द्वारा ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। सालों से आवागमन में परिवहन बाधित हो रहा है। इस कारण सामान्य जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बंसत कालोनी में कई उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है और आश्वासन दिया जाता है फिर भी समस्या से छुटकारा नही मिल रहा है। बंसत कॉलोनी के रहवासियों ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिन में समस्या का निराकरण नही हुआ तो दोबारा आंदोलन के लिए लामबंद होना पड़ेगा

इस अवसर पर टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष लखन राजवनिया, उपाध्यक्ष पंकज राजवनिया, भरत शर्मा, सरोज बाई राजवनिया, शीतल भल्ला, वर्ष भल्ला, कल्पना पाटीदार, कैलाश माली, पवन नागराज, काजल जागीरदार, नाजिया शेख, मनोहर खान, राधेश्याम पाटीदार, गौरव पाटीदार, दयाराम पाटीदार, राधेश्याम माली, विनोद पवार, मोहित पंवार, तारा राठौड़, तेजा भाई, दिनेश बैरागी, कैलाश माली, शंकर गुर्जर, अशोक वाघेला, गोपाल माली, राजेश सांखला अतुल दीक्षित आदि उपस्थित थे ।

सिंघम टाईम्स 6/8/21

# नि:शुल्क राशन वितरण कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व होगा : भदौरिया

## प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने तैयारियों की समीक्षा की

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

अगस्त को प्रदेश के साथ ही जिले में भी आयोजित होने वाला प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व रहेगा। जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में कार्यक्रम आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। बैठक में विधायक चैतन्य काश्यप, दिलीप कुमार मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, एम.एल. आर्य,



जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी आदि उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देशित किया कि स्थल चयन का खास ध्यान रखा जाए। वर्षा के दृष्टिगत ऐसे ही स्थानों का चयन आयोजन हेतु किया जाए जहां पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आए। दुकान में जगह नहीं हो तो समीप के शासकीय भवन में आयोजन हो अथवा जनप्रतिनिधियों के विश्वास में अन्य स्थान पर किया जाए। नोडल अधिकारी समय से अपनी जिम्मेदारी को निभाए। सबकी सहभागिता से ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर आयोजन होगा। प्रभारी मंत्री द्वारा बैठक में जिले के सभी एसडीएम से उनके अनुभाग क्षेत्रों में आयोजन तैयारियों की जानकारी प्राप्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर कनेक्टिविटी प्रॉब्लम हो तो अन्य समीप के ऐसे स्थान पर आयोजन किया जाए जहां पर कनेक्टिविटी मिल रही हो। विधायक चैतन्य काश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण में कोई बाधा नहीं आए, इसका विशेष ध्यान रखते हुए तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने यह भी निर्देश दिए कि कोरोना के दृष्टिगत कार्यक्रमों के आयोजन में कोविड-19 प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा जाए, लोग मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग रखें। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान सतत भ्रमण कर मानिटरिंग के निर्देश दिए गए।

राज एक्सप्रेस 7/8/21

## वार्ड 9 में समस्याओं का अंबार, नगर निगम ध्यान दें

रतलाम । वार्ड 9 रतलाम का सबसे बड़ा वार्ड है पर रखरखाव के नाम पर प्रशासन के द्वारा यहां कोई ध्यान देने वाला नहीं है । 80 फिट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है तथा यहां से करीब 10 कालोनियों के रहवासी प्रतिदिन निकलते रहते हैं । इस रोड से प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर तथा तालाब स्थित है। इसी 80 फिट रोड पर आवारा शिकारी कुत्तों का अंबार लगा हुआ है लगभग 100 कुत्ते घूमते रहते हैं जो कि चिडि?ा ,गिलहरी व छोटे-छोटे गाय के बछड़े पर हमला कर देते हैं जिससे घूमने वाले लोगों व बच्चों को भी जान का खतरा बना रहता है । हनुमान ताल पर जाने वाले श्रद्धालु तथा घूमने वाले लोगों का तांता लगा रहता है उन्हीं के सामने यहाँ अवैध मछली पकड़ी जा रही है किसी भी दिन यहाँ बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे पहले भी मैंने करीब 2 महीने पहले कॉलोनी की समस्याओं से नगर निगम आयुक्त महोदय को अवगत कराया था । कुछ कार्य उन्होंने किये है कुछ बाकी है । क्षैत्रवासी जनहित में आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम से आग्रह करते है कि वे क्षैत्र में व्याप्त समस्याओं के प्रति ध्यान दे तथा जल्दी ही नागरिकों की समस्याओं से निजात दिलाएं । जैसे शुभम परिसर की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोडना, त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है, सुदामा नगर बड़बड़ नाके पर पानी का भराव रहता है यह कुछ मुख्य समस्याएं है। साथ ही अगर आयुक्त महोदय एक बार कालोनियों का भ्रमण करें तो आपको समस्याओं का अंबार नजर आएगा हर गली हर कॉलोनी में है । निगमआयुक्त से मांग की है कि वे इन सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लें तथा उचित समाधान करें । उक्त मांग समाजसेवी कुसुम चाहर सहित वार्ड नंबर 9 के रहवासियों ने की है ।

नवभारत 7/8/21

## वार्ड नंबर नौ में समस्याओं का अंबार

**रतलाम।** शहर के वार्ड नौ में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। 80 फीट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है। यहां से करीब 10 कालोनियों के रहवासी प्रतिदिन आवाजाही करते है। प्रसिद्ध हनुमान मंदिर तथा तालाब स्थित है। कुत्ते झुंड के रूप में सड़कों पर विचरण करते रहते है। क्षेत्र की कुसुम चाहर ने निगमायुक्त से समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।

नईदुनिया 7/8/21

## अतिक्रमण मुक्त कराई गई अर्जून नगर की भूमि का समतलीकरण करने के दिये निर्देश

# सीवरेज कार्य का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**

शहर में सीवरेज कार्य के तहत हाउस कनेक्शन का शीघ्र पुरा हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये व किये जाने वाले हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने अर्जून नगर में फ्रन्ट लाईन में किये गये हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण कर शेष रहे 2-3 हाउस कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश ठेकेदार के इंजीनियरों को दिये।



बैकलेन में हाउन कनेक्शन में आ रही समस्या के निदान हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर का निरीक्षण कर नागरिकों आश्वस्त किया कि आ रही समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा समस्या के निदान हेतु ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया।

विनोबा नगर के 500 हाउस कनेक्शन उपरान्त मुक्तिधाम के समीप नाले में सीवरेज लाईन के छोड़े गये पाईप से आ रहे पानी के बहाव को निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अवलोकन करने पर पाया कि पानी का बहाव सफलतापूर्वक नाले में आ रहा है।

अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि का निरीक्षण करने पर पाया कि कतिपय लोगो द्वारा भूमि पर खेती की गई है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था।

सिंघम - 6

सिंघम 6/8/21

# अतिक्रमण मुक्त करवाई गई अर्जुन नगर की जमीन को ठीक करवाने में जुटा निगम

**रतलाम।** शहर में सीवरेज कार्य के तहत हाउस कनेक्शन का शीघ्र पुरा हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये व किये जाने वाले हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने अर्जून नगर में फ्रन्ट लाईन में किये गये हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण कर शेष रहे 2-3 हाउस कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश ठेकेदार के इंजीनियरों को दिये। बैकलेन में हाउन कनेक्शन में आ रही समस्या के निदान हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर का निरीक्षण कर नागरिकों आश्वस्त किया कि आ रही समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा समस्या के निदान हेतु ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया। विनोबा नगर के 500 हाउस कनेक्शन उपरान्त



मुक्तिधाम के समीप नाले में सीवरेज लाईन के छोड़े गये पाईप से आ रहे पानी के बहाव को निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अवलोकन करने पर पाया कि पानी का बहाव सफलतापूर्वक नाले में आ रहा है। अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि का निरीक्षण करने पर पाया कि कतिपय लोगो द्वारा भूमि पर खेती की गई है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था। अग्निबाण 6

अग्निबाण 6/8/21

# नि:शुल्क राशन वितरण का आयोजन आज होगा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत नि:शुल्क का राशन वितरण आयोजन 7 अगस्त को होगा। रतलाम जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक सभागृह, बरबड़, रतलाम में तथा ग्राम स्तरीय कार्यक्रम ग्राम रोजाना तहसील जावरा में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, शहर विधायक चैतन्य काश्यप, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप कुमार मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्रसिंह लुनेरा एवं जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, समाजसेवी, निगरानी समिति सदस्य, आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्रीजी की मंशानुरूप कोरोना काल में हर नागरिक की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त 5 किलोग्राम प्रति हितग्राही माह मई से नवंबर 2021 तक नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण योजना के प्रति और जागरूक बनाने हेतु प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत नि:शुल्क राशन वितरण का आयोजन किया गया है। जिले में 2 लाख 28 हजार 338 परिवारों के 9 लाख 51 हजार 824 सदस्य इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 7 अगस्त को जिले में संचालित समस्त 521 उचित मूल्य दुकानों पर उक्त कार्यक्रम होगा। स्थानीय कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से 11 बजे तक होगा, इसके पश्चात् रा%य स्तरीय कार्यक्रम 11 बजे से प्रारंभ होगा जिसका ऑनलाइन प्रसारण समस्त दुकानों पर टीवी के माध्यम से किया जाएगा। आयोजन के आखिर में स्थानीय स्तर पर थैलों में राशन वितरण किया जाएगा।

उक्त आयोजन के लिए जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकानों को सुस%जत किया गया है तथा दुकानों पर टीवी की व्यवस्था की गई है ताकि रा%य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की उचित मूल्य दुकानों पर उपस्थित हितग्राही एवं अन्य नागरिक देख सके। उचित मूल्य दुकान पर वितरण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा परीक्षण हेतु जोनल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। उचित मूल्य दुकानों पर इस योजना से संबंधित गीत बजाया जाएगा। प्रथम चरण में 7 अगस्त को जिले में 40 हजार राशन बैग का वितरण किया जाएगा। शेष हितग्राहियों को अगस्त माह में बैग वितरित किए जाएंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जिले में नियमित राशन के साथ-साथ 4 किलो गेहूं एवं 1 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह नि:शुल्क वितरित किया जाएगा।

२१५

राज एक्सप्रेस 7/8/21

# अक्टूबर से ठीक होने लगेंगी सड़कें, 20 करोड़ खर्च होंगे

## नगरीय प्रशासन व आवास मंत्री का आश्वासन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सीवरेज और पाइप लाइन सहित अन्य काम के लिए हुई खुदाई से खराब हुई शहर की सड़कें अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से ठीक होने लगेंगी। सर्वे करके विधायक चेतन्य काश्यप ने सड़कों चयन कर लिया है। ज्यादा खराब सड़कों को नया बनाएंगे, बाकी पर पेचवर्क करेंगे। उनकी थर्ड पार्टी जांच कराएंगे। टेंडर सोमवार तक हो जाएंगे।

यह भरोसा नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदोरिया ने बारिश में खराब सड़कों से परेशान दिलाया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रभारी मंत्री ने 7 अगस्त को जिले में मनाए जाने वाले अन्न उत्सव की जानकारी देते हुए बताया शनिवार को 40 हजार राशन बैग बांटे जाएंगे। हितग्राही भूमि पर मनरेगा काम करके मनरेगा से मजदूरी भी ले सकेंगे। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी भी मौजूद थे।

### 37 बालकों को पेंशन

कोविड-19 बाल सेवा योजना में जिले के 37 बालकों को प्रत्येक माह 5000 रुपए की पेंशन दी जा रही है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि महामारी में माता-पिता या अभिभावकों को खोने वाले बच्चों के लिए पीएम केअर फार चिल्ड्रन योजना शुरू की है। इसमें 21 साल के होने पर 10 लाख रुपए मिलेंगे।

दै. भास्कर 7/8/21



## सीवरेज कार्य का निगम आयुक्त झारिया ने किया निरीक्षण

रतलाम। शहर में सीवरेज कार्य के तहत हाउस कनेक्शन का शीघ्र पूरा हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये व किये जाने वाले हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने अर्जून नगर में फन्ट लाईन में किये गये हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण कर शेष रहे 2–3 हाउस कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश ठेकेदार के इंजीनियरों को दिये। बैकलेन में हाउन कनेक्शन में आ रही समस्या के निदान हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर का निरीक्षण कर नागरिकों आश्वस्त किया कि आ रही समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा समस्या के निदान हेतु ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया। विनोबा नगर के 500 हाउस कनेक्शन उपरान्त मुक्तिधाम के समीप नाले में सीवरेज लाईन के छोड़े गये पाईप से आ रहे पानी के बहाव को निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अवलोकन करने पर पाया कि पानी का बहाव सफलतापूर्वक ...ने में आ रहा है। अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि का निरीक्षण करने पर पाया कि कतिपय लोगो द्वारा भूमि पर खेती की गई है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि दिसम्बर 2020 में अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन मे की गई थी। उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर निगम द्वारा कब्जे में लिया गया था। इन्दौर

इन्दौर समाचार 7/8/21

प्रभारी मंत्री भदौरिया ने कहा

पत्रिका

# 20 करोड़ से शहर की सड़कों की होगी मरम्मत

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. अन्न उत्सव के लिए रतलाम आए प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने शाम को पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश प्रदेश में लाखों-करोड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि उनके द्वारा शहर में भ्रमण करके सड़के चिन्हित की गई है जिनको दुरुस्त किया जाएगा। रतलाम नगर निगम क्षेत्र में खराब सड़कों की मरम्मत के लिए कार्य योजना बनाई गई है। सीवरेज परियोजना और वर्षा के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, दीपावली के पूर्व सभी महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। सड़कों की मरम्मत 20 करोड़ रुपए खर्च करके की जाएगी। सड़क दुरुस्ती कार्य आगामी अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ हो जाएगा।

## 100 व्यक्तियों को राशन वितरण

प्रभारी मंत्री ने कहा कि 7 अगस्त का कार्यक्रम अभूतपूर्व है, प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, दीनदयाल समितियों के सदस्य आदि उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री स्वयं लाखों व्यक्तियों से कार्यक्रम में रूबरू होंगे। प्रत्येक दुकान पर कम से कम 100 व्यक्तियों को राशन वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री द्वारा संबोधन होगा एवं संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए हितग्राहियों को पीले चावल देकर निमंत्रित किया जा रहा है। वर्षा के दृष्टिगत सुरक्षित स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कोरोना प्रोटोकाल का भी पालन किया जाएगा।

## 1553 पट्टे आवंटित

प्रभारी मंत्री ने बताया कि रतलाम जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत 1553 पट्टे आवंटित किए गए हैं। भूमियों पर शासन की मनरेगा योजना के तहत कार्य किए जाएंगे जिससे आदिवासियों को घर बैठे मजदूरी मिलेगी और उनकी भूमि पर संरचना का निर्माण भी होगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक पट्टा भूमि पर कम से कम 50 हजार रूपए खर्च करके कार्य किए जाएंगे।

## 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

प्रधानमंत्री द्वारा कोविड के कारण 11 मार्च 2020 से महामारी के समाप्त होने तक ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता, जीवित माता-पिता, कानूनी अभिभावक, दत्तक माता-पिता को खो दिया है, उनके कल्याण, स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की देखभाल, शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से तथा 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन प्रारंभ की गई है। इसी योजना के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार ने पृथक से पोर्टल भी तैयार किया है।

## 5 हजार रुपए की पेंशन

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में बाल सेवा योजना का संचालन भी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 1 मार्च 2021 से 30 जून 2021 के दौरान अनाथ हुए बालकों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए की राशि पेंशन के रूप में प्रदान की जाती है तथा उन्हें निःशुल्क राशन एवं शिक्षा की व्यवस्था भी की जाएगी। वर्तमान में रतलाम जिले के 37 बालकों को इस योजना में चयनित किया जाकर 5000 रुपए प्रति माह के मान से पेंशन प्रदान की जा रही है।

पत्रिका 7/8/21

# दीपावली से पहले सुधर जाएंगी शहर की सड़कें

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में बाढ़ से हालात बिगड़े हैं, लेकिन शासन व प्रशासन प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद कर रहा है। लगातार मानीटरिंग के कारण जनहानि नहीं हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिले में वनाधिकार अधिनियम के तहत 1553 पट्टे आवंटित किए गए हैं। भूमियों पर शासन की मनरेगा योजना के तहत कार्य किए जाएंगे, जिससे आदिवासियों को घर बैठे मजदूरी मिलेगी और उनकी भूमि पर संरचना का निर्माण भी होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रत्येक पट्टा भूमि पर कम से कम 50 हजार रुपये खर्च करके कार्य किए जाएंगे। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि दीपावली के पूर्व सभी महत्वपूर्ण सड़कों को दुरुस्त कर लिया जाएगा। सड़कों की मरम्मत 20 करोड़ रुपये खर्च करके की जाएगी। इस दौरान विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, पूर्व विधायक जितेंद्र गहलोत आदि मौजूद थे।

नईदुनिया

नईदुनिया 7/8/21

दस किलो के बैग में होगा निशुल्क राशन वितरण, नौ लाख 51 हजार 624 सदस्यों को मिलेगा लाभ

# जिले की 521 राशन दुकानों में आज मनेगा अन्न उत्सव

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में सात अगस्त को सभी 521 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अन्न उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए सभी दुकानों का रंग रोगन कर सजा दिया गया है और राशन बैग भी पहुंच गए हैं। दो लाख 28 हजार 338 परिवारों के नौ लाख 51 हजार 824 सदस्यों को बैग में राशन दिया जाएगा। अभी चालीस हजार बैग दुकानों पर पहुंच गए हैं। राज्य स्तरीय आयोजन का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए दुकानों पर टीवी भी लगाया गए हैं।

जिला स्तरीय कार्यक्रम विधायक सभागृह रतलाम में तथा ग्राम स्तरीय कार्यक्रम ग्राम रोजाना तहसील जावरा में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, शहर विधायक चेतन्य काश्यप, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान प्रमेश मईड़ा, राजेंद्रसिंह लुनेरा एवं जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे।



अन्न उत्सव में शामिल होने का आमंत्रण देते हुई भाजपाई। ●नईदुनिया

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित अन्नोत्सव का वर्चुअली शुभारंभ 11 बजे करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का स्वागत संबोधन होगा। कोरोना काल में हर नागरिक को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनएफएसए के सभी हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अतिरिक्त पांच किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की मान से निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है।

### बैग में देंगे दस किलो राशन

खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत हितग्राही को पांच किलो चावल अथवा गेहूं का वितरण प्रतिमाह प्रति व्यक्ति के मान से दो माह का राशन एक मुश्त थैलों में वितरित किया जाएगा। इस योजना में प्रदेश के बाहर के पात्र हितग्राही भी लाभान्वित हो सकेंगे।

### घर-घर जाकर दिया आमंत्रण

शहर विधायक चेतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में अन्न उत्सव में शामिल होने के लिए पात्र हितग्राहियों को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर आमंत्रित किया गया। आमंत्रण वितरण के दौरान मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, धर्मेंद्रसिंह देवड़ा बागेड़ी, कृष्णकुमार सोनी, करण धीर्य बड़गोत्या, मंडल पदाधिकारी, वार्ड संयोजक व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

नईदुनिया

नईदुनिया 7/8/21

# सीवरेज कार्य का निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा निरीक्षण

## अतिक्रमण मुक्त कराई गई अर्जून नगर की भूमि का समतलीकरण करने के दिये निर्देश

रतलाम । शहर में सीवरेज कार्य के तहत हाउस कनेक्शन का शीघ्र पुरा हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, पीडीएमसी व ठेकेदार के इंजीनियरों के साथ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये व किये जाने वाले हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने अर्जून नगर में फ्रन्ट लाईन में किये गये हाउस कनेक्शन कार्य का निरीक्षण कर शेष रहे 2-3 हाउस कनेक्शन शीघ्र करने के निर्देश ठेकेदार के इंजीनियरों को दिये।



बैकलेन में हाउन कनेक्शन में आ रही समस्या के निदान हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने राजीव नगर व इन्द्रलोक नगर का निरीक्षण कर नागरिकों आश्वस्त किया कि आ रही समस्या का शीघ्र निदान किया जायेगा समस्या के निदान हेतु ठेकेदार के इंजीनियरों को निर्देशित किया। विनोबा नगर के 500 हाउस कनेक्शन उपरान्त मुक्तिधाम के समीप नाले में सीवरेज लाईन के छोड़े गये पाईप से आ रहे पानी के बहाव को निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा अवलोकन करने पर पाया कि पानी का बहाव सफलतापूर्वक नाले में आ रहा है। अर्जून नगर में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि जिसे नगर निगम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था निगम आयुक्त श्री झारिया ने भूमि का निरीक्षण करने पर पाया कि कतिपय लोगो द्वारा भूमि पर खेती की गई है इस पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये।

तेज 7/8/21

# स्वतंत्रता दिवस समारोह कोविड गाइडलाइन के अनुरूप मनाया जाएगा

## कलेक्टर ने बैठक लेकर किया विचार विमर्श

रतलाम। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठकमें 15 अगस्त के कार्यक्रम को कोविड गाइड लाइन के अनुरूप मनाए जाने के संबंध में विचार कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समस्त विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा राष्ट्रगान होगा। कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात: 7.30 से 8 बजे के मध्य लिया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 8.45 बजे सभी अधिकारी-कर्मचारी पुलिस लाइन परेड मैदान में मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय रतलाम के पुलिस लाइन मैदान पर होगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाकर परेड की सलामी ली जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने पुलिस लाइन मैदान को व्यवस्थित करने, परेड मैदान की साफ सफाई, पुताई, माइक एवं बैठक व्यवस्था संबंधी निर्देश नगर निगम को दिए। पुलिस लाइन परेड मैदान में झंडावंदन हेतु राष्ट्रीय ध्वज को व्यवस्थित रूप से बांधने एवं सम्मान उतारने की व्यवस्था रक्षित निरीक्षक द्वारा की जाएगी। कोविड को दृष्टिगत रखते हुए जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों को घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के अनुभाग के अधिकारी समुचित व्यवस्था करेंगे।

अग्निबाण 6/8/२१

# वार्ड 9 में समस्याओं का अंबार, नगर निगम ध्यान दें

रतलाम। वार्ड 9 रतलाम का सबसे बड़ा वार्ड है पर रखरखाव के नाम पर प्रशासन के द्वारा यहां कोई ध्यान देने वाला नहीं है। 80 फिट रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है जहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं यहां पर कई नर्सिंग होम तथा मैरिज गार्डन है तथा यहां से करीब 10 कालोनियों के रहवासी प्रतिदिन निकलते रहते हैं । इस रोड से प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर तथा तालाब स्थित है। इसी 80 फिट रोड पर आवारा शिकारी कुत्तों का अंबार लगा हुआ है लगभग 100 कुत्ते घूमते रहते हैं जो कि चिडिया ,गिलहरी व छोटे-छोटे गाय के बछड़े पर हमला कर देते हैं जिससे घूमने वाले लोगों व बच्चों को भी जान का खतरा बना रहता है। हनुमान ताल पर जाने वाले श्रद्धालु तथा घूमने वाले लोगों का तांता लगा रहता है उन्हीं के सामने यहाँ अवैध मछली पकड़ी जा रही है किसी भी दिन यहाँ बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे पहले भी मैंने करीब 2 महीने पहले कॉलोनी की समस्याओं से नगर निगम आयुक्त महोदय को अवगत कराया था। कुछ कार्य उन्होंने किये है कुछ बाकी है। क्षेत्रवासी जनहित में आयुक्त नगर पालिक निगम से आग्रह करते है कि वे क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के प्रति ध्यान दे तथा जल्दी ही नागरिकों की समस्याओं से निजात दिलाएं । जैसे शुभम परिसर की सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन से जोडना, त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहता रहता है, सुदामा नगर बड़बड़ नाके पर पानी का भराव रहता है यह कुछ मुख्य समस्याएं है। साथ ही अगर आयुक्त महोदय एक बार कालोनियों का भ्रमण करें तो आपको समस्याओं का अंबार नजर आएगा हर गली हर कॉलोनी में है। निगमआयुक्त से मांग की है कि वे इन सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लें तथा उचित समाधान करें। उक्त मांग समाजसेवी कुसुम चाहर सहित वार्ड नंबर 9 के रहवासियों ने की है।

राज

राज एक्सप्रेस 7/8/21